# राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

## प्रेस–नोट

दिनांक : 12.05.2025

आयोग द्वारा उप समादेष्टा (Dy. Commandant) गृहरक्षा विभाग के 4 पदों (अ.जा.–2, अ.ज.जा. –1 एवं ओ.बी.सी.–1) पर भर्ती हेतु दिनांक 18.03.2025 को विज्ञापन जारी कर दिनांक 22.04.2025 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे।

उक्त पद हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की रेण्डम/सेम्पल जाँच की गयी। उक्त जाँच में पाया गया कि इस भर्ती हेतु प्राप्त अधिकांश आवेदकों ने अनिवार्य योग्यता (**थल सेना से सेवानिवृत केप्टेन**) नहीं होने के बावजूद आवेदन कर दिया है। इतना ही नहीं अ.जा., अ.ज.जा. एवं ओ.बी.सी. के अलावा अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों ने भी नियम विरूद्ध आवेदन कर दिये हैं जबकि उनके लिए पद विज्ञापित तक नहीं है। ऐसे कतिपय आवेदन पत्रों की सूची आयोग की वेबसाइट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

किसी भी पद पर भर्ती विज्ञापन के संबंध में वांछित योग्यता धारित नहीं होने के बावजूद आवेदन करने से आयोग का श्रम, समय एवं संसाधनों का अपव्यय होता है। अतः ऐसा किये जाने पर आयोग द्वारा भविष्य में ली जाने वाली समस्त परीक्षाओं से विवर्जित (Debar) कर दिया जाएगा एवं उनके द्वारा आवेदन पत्र में दिए गए असत्य वचन पत्र के लिए भारतीय न्याय संहिता–2023 की धारा 217 के तहत कानूनी कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

इस हेतु पूर्व में भी आयोग द्वारा ऐसे आवेदन पत्रों को प्रत्याहरित (Withdraw) करने हेतु दिनांक 25.04.2025 को प्रेस नोट जारी कर दिनांक 09.05.2025 तक लिंक खोलने के बावजूद अभी तक भी उक्त अनिवार्य योग्यता नहीं रखने वाले अनेक अभ्यर्थी इन पदों की आवेदन सूची में सम्मिलित हैं।

अतः इस पद हेतु आवेदित समस्त आवेदकों को सूचित किया जाता है कि वे विज्ञापन में दी गयी उक्त अनिवार्य योग्यता को ध्यानपूर्वक पढ़ लेवें एवं उक्त पद हेतु योग्यता नहीं रखते हो तो दिनांक 13.05.2025 से 28.05.2025 तक के लिए आयोग द्वारा खोले गये लिंक के माध्यम से अपने आवेदन पत्र को प्रत्याहरित (Withdraw) करना सुनिश्चित करें। जो अभ्यर्थी विज्ञापन के अनुसार वांछित अनिवार्य योग्यता (**अर्थात् सेना से सेवानिवृत केप्टेन**) रखते हैं वे अपना सेवा निवृति प्रमाण पत्र (Discharge Certificate) Upload करें अन्यथा आयोग ऐसे अभ्यर्थियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु अग्रसर होगा।

(रामनिवास मेहता)
सचिव

Signature valid

Digitally signed by Ram Niwas Mehta
Designation : Secretary
Date: 2025.05.12 17:59:08 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 15251540